मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालयःउदयपुर
MOHANLAL SUKHADIA UNIVERSITY: UDAIPUR

क्रमांक / मोलासुविवि / 2012 / २२८५ दिनांक : 26.11.2012

श्रीमान् अधिष्ठाता / प्राचार्य / निदेशक

....

....

विषय :— आन्तरिक मूल्यांकन एवं प्रश्नपत्र प्रारूप के सम्बन्ध में ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत विश्वविद्यालय शैक्षणिक परिषद् बैठक दिनांक 18.10.12 को हुए निर्णय एंव विश्वविद्यालय अधिसूचना संख्या – 34 दिनांक 25.10.2012 के अनुसार आपको सूचित किया जाता है निम्नलिखित पाठक्रमों (वार्षिक एंव सेमेस्टर) में आन्तरिक मूल्यांकन (Internal Assessment) परीक्षा का प्रावधान समाप्त कर दिया गया है। अब परीक्षा सैद्धान्तिक बाह्य पद्धति (वार्षिक एंव सेमेस्टर) से ही आयोजित होगा। ये पाठक्रम निम्न प्रकार से है।

1. B.A. (All Subject) (Annual)
2. B.A. (Honours) - (Annual)
3. B.Sc. (Science and Bio-tech)
4. B.C.A. (Annual
5. B.Com. (Annual)
6. B.Com. (Honours)
7. B.T.M. (Annual)
8. M.Com. (All subject) - (Annual & Semester Scheme)
9. M.Sc. (All subject) – (Annual & Semester Scheme)
10. M.A. (All subject) - (Annual & Semester Scheme)
11. LL.B.
12. LL.M.

14. B.Lib
15. M.Lib
16. P.G. Diploma in Labour Law

1. उपर्युक्त पाठक्रम की समस्त कक्षाओं (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष /प्रथम तथा तृतीय सेमेस्टर) में परीक्षा – 2013 से आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा नहीं होगी। ऐसे छात्र जो द्वितीय वर्ष अथवा तृतीय सेमेस्टर में पदोन्नत (Promoted) हुए है लेकिन स्कीम के अनुसार आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा (एक या दो विषय / पेपर) में अनुर्त्तीण है ऐसे छात्रों की अनुर्त्तीण विषय / पेपर (एक या दो पेपर) की आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा आयोजित कर अंक सूची को विश्वविद्यालय गोपनीय विभाग में 31.12.2012 तक भिजवाना विधिवत् सूनिश्चित करावें उपरोक्त पाठक्रमों में वार्षिक एंव सेमेस्टर परीक्षाओं के प्रश्नपत्र प्रारूप में भी बदलाव किया गया है। नयें प्रारूपानुसार प्रत्येक प्रश्नपत्र के अंको में से 50% प्रतिशत वस्तुनिष्ट (Objective type) एंव 50% प्रतिशत वर्णनात्मक (Essay type) प्रश्न होगें। प्रत्येक इकाई से दस वस्तुनिष्ट प्रश्न (Objective type) एंव दो वर्णनात्मक प्रश्न (Essay type) पुछे जाऐगें। छात्रों को सभी वस्तुनिष्ट प्रश्नों (50 प्रश्न) का उत्तर ओ.एम.आर. शीट में देना होगा जबकि वर्णनात्मक पद्धति में प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न का उत्तर (अधिकतम 250 शब्दों) देते हुए कुल पाँच प्रश्नो का उत्तर उत्तरपुस्तिका में देना होगा। प्रश्न पत्रों का यह प्रारूप इस सत्र 2012–13 से स्नात्तक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर पूर्वाद्ध एवं उत्तरार्ध में लागू हो जाएगा।

2. उन छात्रों के जिनके पिछले वर्षो में स्नात्तक प्रथम/द्वितीय वर्ष स्नातकोत्तर पूर्वाद्ध/उत्तरार्ध के प्रश्नपत्र बकाया चल रहे है उन्हे नई स्कीम/प्रश्नपत्र प्रारूप के अनुसार ही परीक्षा में अनुमति दी जाएगी।

3. स्नात्तक स्तर के सभी पाठ्क्रमों के अनिवार्य विषयों (सामान्य हिन्दी/अंग्रेजी, पर्यावरण विज्ञान एंव ऐलीमेन्ट्री कम्प्युटर एपलीकेशन) के प्रश्नपत्र 100 अकों का होगा तथा प्रश्नपत्र में 100 वस्तुनिष्ट प्रश्न पुछे जाऐगें जिनका उत्तर ओ.एम.आर. शीट में देना होगा ।

4. बी.बी.एम. पाठक्रम में आन्तरिक मूल्यांकन की पद्धति लागू रहेगी तथा प्रश्न पत्र का प्रारूप भी पूर्ववत् रहेगी।

5. उपरोक्त वर्णित स्नात्तक स्तर पाठक्रमों के तृतीय वर्ष की कक्षाओं की परीक्षा में इस वर्ष (2012–13) में प्रश्न पत्र की पुरानी पद्धति ही लागू रहेगी।

6. उपरोक्त संर्दभ में महाविद्यालय स्तर पर सभी छात्रों को सूचित किये जाने हेतु उचित व्यवस्था करावें।

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. श्रीमान् अधिष्ठाता/प्राचार्य/निदेशक , मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर ।
2. उप कुलसचिव, परीक्षा विभाग, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर ।
3. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर ।
4. निजी सहायक, माननीय कुलसचिव महोदय, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर ।
5. सहायक कुलसचिव/अनुभाग अधिकारी, (परीक्षा/गोपनीय विभाग) मो.ला.सु.वि., उदयपुर ।
6. श्रीमान् परिणाम प्रभारी, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
7. उप कुलसचिव, सामान्य प्रशासन, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर ।
8. Internate Incharge for uploading.

सहायक कुलसचिव (गोपनीय)